# अध्याय - 1 | लोकतंत्र क्या ? लोकतंत्र क्यों ?

## स्मरणीय तथ्य

- **लोकतंत्र का अर्थ :-** डेमोक्रेसी (लोकतंत्र) यूनानी शब्द डेमोक्रेशिया से बना है। यूनानी में 'डेमोस' का अर्थ होता है 'लोग' और 'क्रेशिया' का अर्थ होता है 'शासन'। इस प्रकार डेमोक्रेसी का अर्थ है लोगों का शासन।
- **लोकतंत्र :-** शासन का वह रूप है, जिसमें शासकों का चुनाव जनता करती है, लोकतंत्र कहलाता है।
- **लोकतंत्र:** लोकतंत्र निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों पर आधारित होता है। लोकतंत्र में हर वयस्क नागरिक का एक वोट होता है। लोकतान्त्रिक सरकार संवैधानिक कानूनों और नागरिक अधिकारों के आधार पर ही कार्य करती है ।
- **अब्राहम लिंकन द्वारा लोकतंत्र:-** "लोकतंत्र ऐसी सरकार है, जो लोगों की हो, लोगों के लिए हो, और लोगों द्वारा बनाई गई हो" ।
- **लोकतंत्र की मुख्य विशेषताएँ :-**
  - प्रमुख फैसले चुने हुए प्रतिनिधियों के पास होती है।
  - स्वतंत्र व निष्पक्ष रुप से चुनाव।
  - एक व्यक्ति एक वोट एक मोल।
  - कानूनों का राज और अधिकारों का आदर।
  - सरकार संविधान द्वारा बनाये गए बुनियादी कानूनों और नागरिक अधिकारों के दायरे में रह कर कार्य करती है।
- **लोकतंत्र का वृहत्तर अर्थ :-**
  - लोकतंत्र का वृहत्तर अर्थ, एक ऐसी शासन प्रणाली से है, जिसमें सभी नागरिकों को चाहे वह शक्तिशाली हो या कमजोर, उसकी बात का समान महत्व हो।
  - सरकार नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हो ।
  - लोकतंत्र के लाभों का वितरण समान रूप से हो।
  - सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में समानता की स्थापना हो।
  - गरीबी, अशिक्षा, भुखमरी, जैसी कमजोरियों को ज्यादा से ज्यादा सरकारी प्रयास द्वारा समाप्त कर दिया गया हो।
- **लोकतान्त्रिक सरकार की मुख्य विशेषताएँ :-**
  - नागरिकों को भाषण देने व विचार व्यक्त करने की पूर्ण स्वतंत्रता।
  - स्वतंत्र व निष्पक्ष रुप से चुनाव करने की व्यवस्था।
  - राजनैतिक दलों को स्वतंत्र रूप से काम करने की आज्ञा।
  - व्यापारियों को व्यापारिक संघ स्थापित करने की पूर्ण स्वतंत्रता।
  - प्रेस की पूर्ण आज़ादी।
- **गैर-लोकतान्त्रिक सरकार के कुछ लक्षण :-**
  - लोग सरकार और उसकी नीतियों की आलोचना नहीं कर सकते।
  - शासन कर्ता सर्वे-सर्वा होता है।
  - विपक्षी दलों का कोई स्थान नहीं।
  - मजूदरों को व्यापारिक संघ स्थापित करने की अनुमति नहीं।
  - प्रेस को पूर्ण आज़ादी प्राप्त नहीं।
- **लोकतंत्र के खिलाफ तर्क :-**
  - लोकतंत्र में नेता बदलते रहते हैं, इससे अस्थिरता पैदा होती है।
  - **फैसलों में देरी :-** लोकतांत्रिक व्यवस्था में इतने लोगों से बहस और व्यापक चर्चा करनी पड़ती है, कि हर फैसले में देरी होती है।
  - **भ्रष्टाचार की संभावना :-** लोकतंत्र में चुनावी लड़ाई महत्वपूर्ण और खर्चीली होती है, इसलिए, इसमें भ्रष्टाचार की संभावना है।
  - **चुनावी प्रक्रिया महंगी :-** लोकतंत्र में चुनावी लड़ाई महत्वपूर्ण और खर्चीली होती है।
  - **सामान्य लोगों को सही फैसला लेने में कठिनाई:-** सामान्य लोगों को पता नहीं होता कि उनके लिए क्या चीज अच्छी है, और क्या चीज बुरी, इसलिए उन्हें किसी चीज का फैसला लेने में कठिनाई होती है।
- **लोकतंत्र के पक्ष में तर्क :-**
  - **शासन का अधिक जवाबदेही वाला रूप :-** लोकतांत्रिक शासन पद्धति दूसरों से बेहतर है, क्योंकि यह शासन का अधिक जवाबदेही वाला स्वरूप है।
  - **बेहतर निर्णय लेने की सम्भावना :-** लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में प्रमुख फैसले व्यापक चर्चा और बहसों के बाद ही लिए जाते हैं, जिससे कि गलती की गुंजाइश कम हो सके और बेहतर निर्णय लेने की संभावनाओं को बढ़ाया जा सके।
  - **नागरिकों का सम्मान :-** लोकतंत्र नागरिकों का सम्मान बढ़ाता है, जो हैसियत नागरिकों की लोकतांत्रिक व्यवस्था में है, वह अन्य किसी और व्यवस्था में नहीं।
  - **मतभेदों और टकराव को सँभालने का तरीका उपलब्ध कराना :-** लोकतंत्र मतभेदों और टकराव को संभालने का तरीका उपलब्ध कराता है।
  - **गलतियों के सुधार के अवसर :-** सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है, कि यह हमे अपनी गलती ठीक करने का मौका देता है।

## बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर

1. **समकालीन दुनिया में सबसे लोकप्रिय शासन व्यबस्था कौन सी है ?**
   a. राजतन्त्र b. लोकतंत्र
   c. सैन्यतंत्र d. तानाशाह

2. **"डेमोक्रेसी" शब्द किस भाषा से लिया गया है ?**
   a. जापानी b. यूनानी
   c. अमेरिकी d. चीनी

3. **"डेमोक्रेसी" का क्या अर्थ है ?**
   a. राजा का शासन b. लोगों का शासन
   c. सैनिक शासन d. इनमें से कोई नहीं।

4. **चिले का तानाशाह कौन था ?**
   a. परवेज मुशर्रफ b. हिटलर
   c. पिनोशे d. मुगाबे

5. **पाकिस्तान में जनरल मुशर्रफ के द्वारा सैनिक तख्तापलट कब किया गया ?**
   a. अक्तूबर 1999ई. b. अक्तूबर 1997ई.
   c. अक्तूबर 1996ई. d. अक्तूबर 1995ई.

6. **अगस्त 2002 ई. में किस सैन्य तानाशाह ने 'लीगल फ्रेमवर्क ऑर्डर' के द्वारा पाकिस्तान के संबिधान को बदल डाला ?**
   a. पिनोशे b. परवेज मुशर्रफ
   c. मुगाबे d. हिटलर

7. **चीन की संसद को क्या कहते हैं ?**
   a. नेशनल असेम्बली b. ड्यूमा
   c. राष्ट्रीय जन संसद d. चीनी कांग्रेस

8. **चीन में कितने वर्षों में नियमित चुनाव होते है ?**
   a. चार b. पांच
   c. छ: d. सात

9. **लोकतंत्र में अन्तिम निर्णय लेने की शक्ति किसके पास होती है ?**
   a. लोगों द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि के पास।
   b. सरकारी अधिकारियों के पास ।
   c. सेना के पास।
   d. इनमें से कोई नहीं।

10. **मैक्सिको कब आज़ाद हुआ ?**
    a. 1910 ई. b. 1920 ई.
    c. 1930 ई. d. 1940 ई.

11. **मैक्सिको में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कितने वर्षों में होते हैं?**
    a. 3 b. 4
    c. 5 d. 6

12. **मैक्सिको में 1930 ई. से 2000 ई. तक कौन सी एक पार्टी चुनाव जीतती आ रही थी ?**
    a. पी. आर.आई. b. टी. आर. आई.
    c. एम. आर. आई. d. इनमें से कोई नहीं।

13. **मैक्सिको में पी.आर.आई. (इंस्टीट्यूशनल रिवोल्यूशनरी पार्टी) पार्टी चुनाव जीतने के लिए क्या-क्या हथकंडे अपनाती थी ?**
    a. सरकारी कर्मियों को पार्टी की बैठकों में जाना अनिवार्य था।
    b. अध्यापकों द्वारा अभिभावकों को पी.आर.आई. के पक्ष में वोट देने को कहा जाता था।
    c. मीडिया केवल विपक्षी दलों का आलोचना करता था।
    d. उपरोक्त सभी।

14. **भारत में मतदाता बनने के लिए न्यूनतम आयु कितनी है?**
    a. 15 वर्ष b. 18 वर्ष
    c. 21 वर्ष d. 24 वर्ष

15. **जिम्बाबे गोरों के शासन से कब आज़ाद हुआ ?**
    a. 1950 ई. b. 1960 ई.
    c. 1970 ई. d. 1980 ई.

16. **राबर्ट मुगाबे कहाँ का राष्ट्रपति था ?**
    a. केन्या b. अफ्रीका
    c. अमेरिका d. जिम्बाबे

17. **राबर्ट मुगाबे को राष्ट्रपति पद से कब हटाया गया ?**
    a. 2012ई. b. 2015 ई.
    c. 2017 ई. d. 2020 ई.

18. **इनमें से कौन- सा शासन प्रणाली अधिक जबाबदेह वाला है?**
    a. राजतन्त्र b. लोकतंत्र
    c. a और b दोनों d. इनमें से कोई नहीं।

19. **चीन में 1958 ई. से 1961 ई. के दौरान पड़े अकाल में कितने लोग भूख से मारे गए ?**
    a. लगभग एक करोड़ b. लगभग दो करोड़
    c. लगभग तीन करोड़ d. लगभग चार करोड़

20. **बाथ पार्टी किस देश से सम्बथित था ?**
    a. ईरान b. इराक
    c. जॉर्डन d. सीरिया

21. **"एस्टोनिया" नामक देश में किस अल्पसंख्यक समाज को मतदान का अधिकार प्राप्त करने में मुश्किल होती है?**
    a. जर्मन अल्पसंख्यक b. भारतीय अल्पसंख्यक
    c. फ्रांसिसी अल्पसंख्यक d. रुसी अल्पसंख्यक

22. **सन 2015 ई. तक किस देश में औरतों को वोट देने का अधिकार प्राप्त नहीं था ?**
    a. सऊदी अरब b. भारत
    c. पाकिस्तान d. फ्रांस

**23. किस देश में भारतीय मूल के नागरिकों का वोट का मूल्य वहां के मूल वासियों से कम है ?**

a. फिजी b. दक्षिण अफ्रीका

c. केन्या d. इंग्लैंड

**24. भारत में कौन सी शासन व्यवस्था है ?**

a. राजतान्त्रिक b. सैन्यतान्त्रिक

c. लोकतान्त्रिक d. तानाशाही

**25. लोकतान्त्रिक शासन- व्यवस्था का निम्नलिखित गुण नहीं है –**

a. यह शासन को अधिक जबाबदेही बनता है।

b. बेहतर निर्णय लेने की संभावना बढ़ता है।

c. मतभेदों एवं टकरावों को संभालता है।

d. नागरिकों का सम्मान नहीं करता है।

**26. निम्नांकित में से कौन सा देश गैर-लोकतांत्रिक देश है?**

a. भारत b. सऊदी अरब

c. अमेरिका d. इनमें से कोई नहीं।

**27. निम्नांकित में से कौन सा देश लोकतांत्रिक देश है?**

a. संयुक्त राज्य अमेरिका b. जिम्बाबे

c. सऊदी अरब d. इनमें से कोई नहीं।

**28. सैनिक शासन अथवा राजतंत्र किस प्रकार के शासन हैं?**

a. लोकतांत्रिक b. गैर लोकतांत्रिक

c. साम्यवादी d. इनमें से कोई नहीं।

**29. विश्व के अधिकतर देशों में कौन सी शासन व्यवस्था कायम है?**

a. लोकतांत्रिक b. गैर लोकतांत्रिक

c. साम्यवादी d. इनमें से कोई नहीं।

**30. इनमें से कौन सी शासन प्रणाली अधिक जबाबदेही वाला है?**

a. लोकतांत्रिक b. गैर लोकतांत्रिक

c. साम्यवादी d. इनमें से कोई नहीं।

**31. "लोकतंत्र क्या? लोकतंत्र क्यों?" नामक शीर्षक पाठ में कौन-सी मैडम बच्चों से वार्तालाप कर रही है?**

a. लिंगदोह मैडम b. कविता मैडम

C. अनिता मैडम d. सविता मैडम

**32. पाकिस्तान में जनरल परवेज मुशर्रफ ने कब जनमत संग्रह करवाया ?**

a. 2000 ई. b. 2002 ई.

c. 2005 ई. d. 2007 ई.

**33. जनमत संग्रह द्वारा राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने अपना कार्यकाल कितने वर्षों के लिए बढ़वा दिया?**

a. 3 वर्ष b. 8 वर्ष

c. 6 वर्ष d. 5 वर्ष

**34. 2002 ई.में हुए पाकिस्तान में हुए जनमत संग्रह का विरोध किसने नहीं किया ?**

a. पाकिस्तानी मीडिया b. मानवाधिकार संगठन

c. परवेज मुशर्रफ d. लोकतंत्र के समर्थक

**35. चीन की राष्ट्रीय जन संसद को चीनी भाषा में क्या नाम है?**

a. कवांगुओं रेममिन दाइवियाओ दाहुई

b. बीजिंग दाहुई

c. झीन झयाँग

d. ह्वान्गो

**36. 'जानु- पीएफ' राजनीतिक दल से किस देश से संबंधित है?**

a. भारत c. द. अफ्रीका

c. सीरिया d. जिंबाब्वे

**37. राष्ट्रपति राबर्ट मुगाबे लोकप्रिय नेता होते हुए भी चुनाव में क्या-क्या गलत तरीके अपनाते थे?**

a. सरकार विरोधी आंदोलनों को गैर-कानूनी घोषित कर दिया।

b. टेलीविजन और रेडियो पर सरकारी नियंत्रण था।

c. संविधान में बदलाव कर राष्ट्रपति के अधिकारों में वृद्धि की।

d. उपरोक्त सभी।

**38. चीन में 1958- 61 ई. के दौरान पड़े अकाल में बड़ी संख्या में भुखमरी से लोग मारे गये। अर्थशास्त्रियों के अनुसार इसका कारण थी -**

a. चीन में बहुदलीय चुनावी व्यवस्था का नहीं होना ।

b. विपक्षी दलों का नहीं होना

c. स्वतंत्र मीडिया का नहीं होना ।

d. उपरोक्त सभी।

**39. म्यांमार में लोकतंत्र को हटा कर किसने सत्ता पर कब्जा किया?**

a. विपक्षी दल के नेताओं ने

b. विदेशी शक्तियों ने।

c. म्यांमार के सैनिक प्रमुख ने।

d. उग्रवादियों ने।

## बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर

| | |
|---|---|
| 1. b | 2. b |
| 3. b | 4. c |
| 5. a | 6. b |
| 7. c | 8. b |
| 9. a | 10. c |
| 11. d | 12. a |
| 13. d | 14. b |
| 15. d | 16. d |
| 17. c | 18. b |
| 19. c | 20 d |
| 21. d | 22. a |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23. | a | 24. | c |
| 25. | d | 26. | b |
| 27. | a | 28. | b |
| 29. | a | 30. | a |
| 31. | a | 32. | b |
| 33. | d | 34. | c |
| 35. | a | 36. | d |
| 37. | d | 38. | d |
| 39. | c | | |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**1. यहाँ चार देशों के बारे में कुछ सूचनाएँ हैं। इन सूचनाओं के आधार पर आप इन देशों का वर्गीकरण किस तरह करेंगे? इनके सामने 'लोकतांत्रिक', 'अलोकतांत्रिक' और 'पक्का नहीं लिखे।**

a. जो लोग देश के अधिकारिक धर्म को नहीं मानते उन्हें वोट डालने का अधिकार नहीं हैं।

b. एक ही पार्टी बीते वर्षों से चुनाव जीतती आ रही है।

c. पिछले तीन चुनावों में शासक दल को पराजय का मुँह देखना पड़ा

d. यहाँ स्वतंत्र चुनाव आयोग नहीं है।

उत्तर- a. अलोकतांत्रिक b. पक्का नहीं।

c. लोकतांत्रिक d. अलोकतांत्रिक

**2. यहाँ चार अन्य देशों के बारे में कुछ सूचनाएँ दी गई हैं। इन सूचनाओं के आधार पर आप इन देशों का वर्गीकरण किस तरह करेंगे? इन के आगे 'लोकतांत्रिक', 'अलोकतांत्रिक' और "पक्का नहीं लिखें।"**

a. संसद सेना प्रमुख की मंजूरी के बिना सेना के बारे कोई कानून नहीं बना सकती।

b. संसद न्यायपालिका के अधिकारों में कटौती का कानून नहीं बना सकती।

c. देश के नेता बिना पड़ोसी देश की अनुमति के किसी और देश से संधि नहीं कर सकते।

d. देश के अधिक फैसले केन्द्रीय बैंक के अधिकारी करते हैं जिसे मंत्री भी नहीं बदल सकते।

उत्तर- a. अलोकतांत्रिक b. लोकतांत्रिक

c. अलोकतांत्रिक d. अलोकतांत्रिक

**3. इनमें से कौन-सा तर्क लोकतंत्र के पक्ष में अच्छा नहीं है और क्यों ?**

a. लोकतंत्र में लोग खुद को स्वतंत्र और समान मानते हैं।

b. लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ दूसरों की तुलना में टकरावों को ज्यादा अच्छी तरह सुलझाती हैं।

c. लोकतांत्रिक सरकारें लोगों के प्रति ज़्यादा उत्तरदायी होती है।

d. लोकतांत्रिक देश दूसरों की तुलना में ज़्यादा समृद्ध होते है।

उत्तर- d. 'लोकतांत्रिक देश दूसरों की तुलना में ज्यादा समृद्ध होते हैं। लोकतंत्र के पक्ष में अच्छा तर्क नहीं है क्योंकि भारत जैसे कुछ लोकतांत्रिक देश अब भी आर्थिक रूप से विकसित हो रहे हैं। जबकि संयुक्त अरब अमीरात जैसे राजतंत्र वाले देश आर्थिक रूप से समृद्ध हैं।

**4. इन सभी कथनों में कुछ चीजें लोकतांत्रिक हैं तो कुछ अलोकतांत्रिक। हर कथन में इन चीजों को अलग- अलग करके लिखें।**

a. एक मंत्री ने कहा कि संसद को कुछ कानून पास करने होंगे। जिससे विश्व व्यापार संगठनों द्वारा तय नियमों की पुष्टि हो सके।

b. चुनाव आयोग ने एक चुनाव क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान का आदेश दिया जहाँ बड़े पैमाने पर मतदान में गड़बड़ की गई थी।

c. संसद में औरतों को प्रतिनिधत्व कभी भी 10 प्रतिशत तक नहीं पहुँचा है। इसी कारण महिला संगठनों ने संसद में एक-तिहाई आरक्षण की माँग की है।

उत्तर- a. **लोकतांत्रिक चीज :** "संसद को कुछ कानून पास करने होंगे।" अलोकतांत्रिक चीज "विश्व व्यापार संगठन द्वारा तय नियमों की पुष्टि हो सके।

b. **लोकतांत्रिक चीज :** "चुनाव आयोग ने किसी चुनाव क्षेत्र में दोबारा मतदान का आदेश दिया।"

**अलोकतांत्रिक चीज :** "बड़े पैमाने पर मतदान में गड़बड़ हुई थी।"

c. **लोकतांत्रिक चीज :** "इसी के कारण महिला संगठनों ने एक तिहाई आरक्षण की मांग की है।"

**अलोकतांत्रिक चीज :** "संसद में औरतों का प्रतिनिधित्व कभी भी 10 प्रतिशत तक नहीं पहुँचा है।"

**5. लोकतंत्र में अकाल और भुखमरी की संभावना कम होती है। यह तर्क देने का इनमें से कौन-सा कारण सही नहीं है?**

a. विपक्षी दल भूख और भुखमरी की ओर सरकार का ध्यान दिला सकते हैं।

b. स्वतंत्र अखबार देश के विभिन्न हिस्सों में अकाल की स्थिति के बारे में खबरें दे सकती हैं।

c. सरकार को अगले चुनाव में अपनी पराजय का डर होता है।

d. लोगों को कोई भी तर्क मानने और उस पर आचरण करने की स्वतंत्रता है।

उत्तर- d. यह कहने के लिए तर्क संगत नहीं है कि लोकतंत्र में अकाल और भुखमरी की संभावना कम होती है।यह इसलिए है कि किसी तर्क को मानने और उस पर आचरण करने व अकाल को दूर करने में परस्पर कोई संबंध नहीं है।

**6. किसी जिले में 40 ऐसे गाँव हैं जहाँ सरकार ने पेयजल उपलब्ध कराने का कोई इंतजाम नहीं किया है। इन गाँवों के लोगों ने एक बैठक की और अपनी जरुरतों की ओर सरकार का ध्यान दिलाने के लिए कई तरीकों पर विचार किया। इनमें से कौन-सा**

**तरीका लोकतांत्रिक नहीं है?**

a. अदालत में पानी को अपने जीवन के अधिकार का हिस्सा बताते हुए मुकदमा दायर करना।

b. अगले चुनाव का बहिष्कार कर के सभी पार्टियों को संदेश देना।

c. सरकारी नीतियों के खिलाफ जनसभाएँ करना।

d. सरकारी अधिकारियों को पानी के लिए रिश्वत देना।

**उत्तर-** d. यह एक अलोकतांत्रिक तरीका है।

**7. लोकतंत्र के खिलाफ दिए जानेवाले इन तर्कों का जबाव दीजिए-**

a. सेना देश का सबसे अनुशासित और भ्रष्टाचार मुक्त संगठन है। इसलिए सेना को देश का शासन करना चाहिए।

b. बहुमत के शासन का मतलब है भूख और अशिक्षितों का राज, हमें तो होशियारों की जरूरत है,भले ही उनकी संख्या कम क्यों न हो।

c. अगर आध्यात्मिक मामलों में मार्गदर्शन के लिए हमें धर्म-गुरुओं की जरूरत होती है तो उन्हीं को राजनैतिक मामलों में मार्गदर्शन का काम क्यों नहीं सौंपा जाए। देश पर धर्मगुरुओं का शासन होना चाहिए।

**उत्तर-** a. सेना देश की रक्षा के लिए महत्त्वपूर्ण है, किंतु यह लोगों द्वारा निर्वाचित नहीं है। इसलिए यह एक लोकतांत्रिक सरकार का गठन नहीं कर सकती। बेशक सेना सबसे अधिक अनुशासित एवं भ्रष्टाचार मुक्त संगठन है, तथापि कोई भी यह गारंटी नहीं दे सकता कि सेना तानाशाह नहीं बनेगी। ऐसे शासन के अधीन नागरिकों के सभी मौलिक अधिकार छीन लिए जाएंगे। उदाहरण के लिए, जनरल ऑगस्तो पिनोशे के शासन के अधीन चिले की जनता को कष्ट भोगने पड़े।

b. सभी लोग कुछ सीमा तक समझदार हैं । सार्वभौम वयस्क मताधिकार सिद्धांत के अनुसार हमारे देश में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को मतदान का अधिकार है। समाज के कुछ वर्गों की अनदेखी करना अनुचित होगा।

c. तीसरा कथन खतरनाक है। राजनीति में धर्म को शामिल करने से गंभीर विवाद पैदा हो सकते हैं क्योंकि भारत जैसे कई धर्मों के देश में अपनी विचारधाराओं में पारस्परिक मतभेदों के कारण धर्म-गुरु विनाश का कारण बन सकते हैं। विश्व इतिहास में अभी तक किसी भी धार्मिक राजनेता द्वारा चलाई जा रही सरकार सफल सिद्ध नहीं हुई है। धर्म को किसी भी देश के राजनैतिक मामलों में दखल नहीं देना चाहिए।

**8. इनमें से किन कथनों को आप लोकतांत्रिक समझते हैं? क्यों?**

a. बेटी से बाप : मैं शादी के बारे में तुम्हारी राय सुनना नहीं चाहता। हमारे परिवार में बच्चे वहीं शादी करते हैं जहाँ माँ-बाप तय कर देते हैं।

b. छात्र से शिक्षक : कक्षा में सवाल पूछ कर ध्यान मत बँटाओ।

c. अधिकारियों से कर्मचारी : हमारे काम करने के घंटे कानून के अनुसार कम किए जाने चाहिए।

**उत्तर-** a. पहला कथन अलोकतांत्रिक है, क्योंकि लड़की को उसकी अपनी शादी के बारे में राय व्यक्त करने के अवसर से वंचित किया जा रहा है। यह कथन लोकतंत्र सापेक्ष नहीं है, क्योंकि बेटी को अन्य लोगों द्वारा उसकी इच्छा के विरुद्ध शादी करने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। उस लड़की को ही अपने पति के साथ पूरा जीवन गुजारना है इसलिए अपना पति चुनने के लिए उसे पूरी स्वतंत्रता दी जानी चाहिए।

b. दूसरा कथन अलोकतांत्रिक है, क्योंकि छात्र को प्रश्न पूछ कर अपना संशय दूर करने के अधिकार से वंचित किया जा रहा है, यह अलोकतांत्रिक नहीं होगी यदि कोई छात्र अपने अध्यापक से प्रश्न करे। सबसे अच्छी चीज जो एक अध्यापक कर सकता है वह यह है, कि वह छात्रों से कहे कि कक्षा समाप्त होने के उपरांत बच्चे प्रश्नों के उत्तर जान सकते हैं, किन्तु उसे छात्रों के प्रश्नों के उत्तर देने चाहिए।

c. तीसरा कथन लोकतांत्रिक है, क्योंकि यह ऐसे नियम या कानून की मांग करता है, जो कर्मचारियों के लिए लाभप्रद हो। कर्मचारी सदैव ही कानूनी मानकों के अनुसार अपने अधिकारी से किसी का अनुरोध या मांग कर सकते हैं। अतः यह कथन लोकतांत्रिक मूल्यो के सापेक्ष है।

**9. एक देश के बारे में निम्नलिखित तथ्यों पर गौर करें और फैसला करें कि आप इसे लोकतंत्र कहेंगे या नहीं। अपने फैसले के पीछे के तर्क भी बताएँ।**

a. देश के सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार है, और चुनाव नियमित रुप से होते हैं।

b. देश ने अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से ऋण लिया । ऋण के साथ यह एक शर्त जुड़ी थी कि सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य पर अपने खर्चे में कमी करेगी।

c. लोग सात से ज्यादा भाषाएँ बोलते हैं, पर शिक्षा का माध्यम सिर्फ एक भाषा है, जिसे देश के 52 फीसदी लोग बोलते हैं।

d. सरकारी नीतियों का विरोध करने के लिए अनेक संगठनों ने संयुक्त रुप से प्रदर्शन करने, और देश भर में हड़ताल करने का आह्वान किया है। सरकार ने उनके नेताओं को गिरफ्तार कर लिया।

e. देश के रेडियो और टेलीविजन चैनल सरकारी हैं। सरकारी नीतियों और विरोध के बारे में खबर छापने के लिए अखबारों को सरकार से अनुमति लेनी होती है।

**उत्तर-** a. ऐसा देश लोकतांत्रिक है, क्योंकि देश के सभी नागरिकों को मतदान का अधिकार है और नियमित रूप से चुनाव कराए जाते हैं।

b. लोकतंत्र नागरिकों की गरिमा में बढ़ोतरी करता है। एक लोकतांत्रिक सरकार नागरिकों के कल्याण के लिए कार्य करती है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर खर्च में कमी करना, लोगों के लिए कल्याणकारी नहीं होगा। इसलिए ऐसे देश को लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता, क्योंकि कोई भी लोकतांत्रिक देश शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर खर्च में कमी के लिए सहमत नहीं होगा।

c. राष्ट्रभाषा एक भाषा हो सकती है, क्योंकि ऐसी चीज व्यापक स्तर पर राष्ट्रीय एकता लाती है। किन्तु अन्य भाषाओं को भी

उनके संबंधित क्षेत्र में प्रोत्साहित करना चाहिए। मेरा विचार है कि यह देश अलोकतांत्रिक नहीं है।

d. विरोध प्रदर्शन और हड़ताल करने पर, नेताओं को गिरफ्तार करके जेल में डालना गलत है। यह मौलिक अधिकारों का हनन है, इसलिए यह लोकतांत्रिक नहीं है।

e. रेडियो और टेलीविजन जैसे संचार माध्यमों पर सरकारी नियन्त्रण होना भी लोकतान्त्रिक नहीं है, क्योंकि इससे सही समाचार लोगों तक नहीं पहुँच पायेंगे तथा सरकार की प्रशंसा मात्र ही होती रहेगी। अतः तथ्य (a.) को छोड़ कर सभी अलोकतांत्रिक हैं।

**10. समकालीन विश्व में सबसे लोकप्रिय शासन व्यवस्था कौन-सी है ?**

**उत्तर-** लोकतंत्र

**11. सऊदी अरब में कैसी शासन व्यवस्था है ?**

**उत्तर-** राजशाही / राजतन्त्र

**12. चीन की एक मात्र राजनितिक पार्टी का नाम क्या है ?**

**उत्तर-** चीनी क्म्युनिस्ट पार्टी

**13. चीन में सदा किस पार्टी की सरकार बनती है ?**

**उत्तर-** चीनी क्म्युनिस्ट पार्टी

**14. चीन के राष्ट्रीय जन संसद में लगभग कितने सदस्य होते है?**

**उत्तर-** लगभग 3000 सदस्य

**15. अब्राहम लिंकन के अनुसार लोकतंत्र क्या है ?**

**उत्तर-** अब्राहम लिंकन के अनुसार लोकतंत्र “लोगों के लिए, लोगों की और लोगों के द्वारा चलने वाली शासन व्यवस्था है।”

**16. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार किसे कहते है ?**

**उत्तर-** जब किसी देश में एक निश्चित आयु वर्ग के सभी नागरिकों को बिना किसी रंग, जाति, लिंग, धर्म आदि के भेदभाव के वोट का अधिकार प्राप्त होता है, तो उस अधिकार को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार कहा जाता है

**17. लोकतन्त्र में हर वयस्क नागरिक का वोट का मूल्य क्या होना चाहिए ?**

**उत्तर-** एक सामान होना चाहिए।

**18. सन 2000 ई. तक मैक्सिको में मीडिया की क्या भूमिका थी ?**

**उत्तर-** सन 2000ई. तक मैक्सिको में मीडिया बिपक्षी दलों की आलोचना करने के अलावा उनके अच्छे कामों को नजरअंदाज करती थी।

**19. चीनी सरकार ने किस लोकप्रिय वेबसाइटों पर प्रतिबन्ध लगाया था ?**

**उत्तर-** चीनी सरकार ने "गूगल और याहू" जैसे वेबसाइटों पर प्रतिबन्ध लगाया था।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. 'अन्य शासन व्यवस्थाओं से लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था बेहतर है।' क्यों? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर-** लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था शासन की दूसरी व्यवस्थाओं जैसे-राजतंत्र, अधिनायकतंत्र, सैनिकतंत्र आदि से बेहतर है क्योंकि-

a. यह अच्छे फैसलों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराता है।

b. इसमें लोगों की इच्छाओं का सम्मान किए जाने की ज्यादा संभावना है।

c. इसमें अलग-अलग तरह के लोग ज्यादा बेहतर ढंग से साथ-साथ रह सकते हैं।

d. इसमें गलतियों को ज्यादा देर छुपाए नहीं रखा जा सकता। इन गलतियों पर सार्वजनिक चर्चा की गुंजाइश लोकतंत्र में है, और फिर इनमें सुधार करने की गुंजाइश भी है, क्योंकि यदि शासक दल अपने गलत निर्णय को नहीं बदलता है, तो आगामी चुनावों में जनता उसे सत्ता से अपदस्थ कर सकती है। गैर-लोकतांत्रिक सरकारों में ऐसा नहीं।

e. इसमें सभी नागरिकों को अपेक्षाकृत अधिक सम्मान मिलता है।

**2. प्रायः लोकतंत्र के खिलाफ क्या तर्क दिए जाते हैं ? स्पष्ट करें।**

**उत्तर-** लोकतंत्र के खिलाफ़ अधिकांशत: निम्नलिखित तर्क दिए जाते हैं-

a. लोकतंत्र में नेता बदलते रहते हैं। इससे अस्थिरता पैदा होती है।

b. लोकतंत्र का मतलब सिर्फ राजनैतिक लड़ाई और सत्ता का खेल है। यहाँ नैतिकता की कोई जगह नहीं होती। लोकतांत्रिक व्यवस्था में इतने सारे लोगों से बहस और चर्चा करनी पड़ती है, कि हर फ़ैसले में देरी होती है।

c. चुने हुए नेताओं को लोगों के हितों का पता ही नहीं होता। इसके चलते खराब फ़ैसले होते हैं।

d. लोकतंत्र में चुनावी लड़ाई महत्त्वपूर्ण और खर्चीली होती है, इसीलिए इसमें भ्रष्टाचार होता है।

सामान्य लोगों को पता नहीं होता कि उनके लिए क्या चीज़ अच्छी है और क्या चीज़ बुरी।

**3. लोकतांत्रिक तथा गैर-लोकतांत्रिक चुनावों में अन्तर स्पष्ट करें।**

**उत्तर-** लोकतांत्रिक तथा गैर-लोकतांत्रिक चुनावों में अन्तर -

a. लोकतांत्रिक चुनावों के अन्तर्गत सभी नागरिकों के मत का एक मूल्य होता है। जबकि गैर-लोकतांत्रिक देशों के अन्तर्गत सभी नागरिकों को मत देने का अधिकार नहीं होता। लोकतंत्र में नियमित अन्तराल में चुनाव होते हैं। जबकि गैर-लोकतंत्र में नियमित अन्तराल में चुनाव नहीं होते।

b. लोकतंत्र में स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनावों की व्यवस्था होती है। जबकि गैर-लोकतंत्र देशों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की व्यवस्था नहीं होती।

**4. मतदान का अधिकार सिर्फ अधिकार नहीं बल्कि एक कर्त्तव्य है, स्पष्ट करें।**

**उत्तर-** कुछ मतदाता अपना मत देने में रुचि नहीं लेते। मतदान में भाग न लेना किसी लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता। हमें याद रखना चाहिए कि मत देने का अधिकार केवल एक अधिकार ही नहीं, बल्कि एक कर्तव्य भी है। यह कर्तव्य ईमानदारी से निभाने की आवश्यकता है। मतदाताओं को निर्वाचित पदों के लिए सर्वोत्तम प्रतिनिधियों को चुनना चाहिए। क्योंकि अपनी खराब पसंद के दुष्परिणाम स्वयं उन्हें ही भुगतने पड़ेंगे। इसलिए मतदान को अधिकार न मानकर अपना कर्त्तव्य मानकर मतदान करना चाहिए, एवं चुनाव में अवश्य भाग लेना चाहिए।

**5. जनरल परवेज मुशर्रफ ने पाकिस्तान में लोकतंत्र को कैसे खत्म कर दिया था ? स्पष्ट करें।**

**उत्तर-** पाकिस्तान में जनरल परवेज मुशर्रफ ने अक्टूबर 1999 ई. में सैनिक तख्तापटल की अगुवाई कर, लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकार को उखाड़ फेंका। मुशर्रफ ने निम्नलिखित रूप से पाकिस्तान में लोकतंत्र को खत्म किया-

a. खुद को राष्ट्रपति घोषित कर, 2002 ई. में एक जनमत संग्रह द्वारा अपना कार्यकाल पाँच साल के लिए बढ़वा दिया।

b. अगस्त 2002 में 'लीगल फ्रेमवर्क आर्डर' के द्वारा पाकिस्तान के संविधान को बदल डाला।

c. इस आर्डर के अनुसार अब राष्ट्रपति,राष्ट्रीय और प्रांतीय असेंबलियों को भंग कर सकता था।

d. एक राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद बनाया गया, जो मंत्रिमंडल के कामकाज पर निगरानी रखती थी।

e. राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के ज्यादातर सदस्य फौजी अधिकारीकी थे, जो मंत्रिमंडल पर नियन्त्रण रखते थे।

अब सर्वोच्च सत्ता सेना के अधिकारियों और जनरल परवेज मुशर्रफ के पास थी।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**1. लोकतंत्र क्या है? इसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर-** लोकतंत्र का अर्थ- लोकतंत्र शासन का एक ऐसा रूप है जिसमें- जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि शासन का संचालन करते हैं, वे ही सारे प्रमुख फैसले करते हैं। इसमें नियमित अन्तराल में निष्पक्ष या स्वतंत्र चुनाव कराए जाते हैं। चुनाव, लोगों के लिए निष्पक्ष अवसर और इतने विकल्प उपलब्ध कराता है, कि वे चाहें तो वर्तमान शासकों को बदल सकते हैं। यह विकल्प और अवसर सभी लोगों को समान रूप से उपलब्ध होते हैं। चुनाव से बनी सरकार संविधान द्वारा निर्धारित बुनियादी कानूनों तथा नागरिक अधिकारों के दायरे को मानते हुए कार्य करती है।

**लोकतंत्र की विशेषताएँ-**

लोकतंत्र की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं-

a. जनता द्वारा निर्वाचित सरकार- लोकतंत्र शासन का एक रूप है जिसमें जनता शासकों का चुनाव करती है।

b. प्रमुख फैसले निर्वाचित नेताओं के हाथ-लोकतंत्र में अंतिम निर्णय लेने की शक्ति लोगों द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के पास ही होती है।

c. स्वतंत्र और निष्पक्ष नियतकालीन चुनाव- लोकतंत्र में नियतकालीन चुनाव की व्यवस्था होती है। लेकिन लोकतंत्र के लिए सिर्फ चुनाव कराना ही पर्याप्त नहीं है । चुनाव में एक से ज्यादा वास्तविक राजनैतिक विकल्पों के बीच चुनने की स्थिति होनी चाहिए। लोगों के पास यह विकल्प रहना चाहिए कि वे चाहें तो शासक दल को गद्दी से उतार दें। इस प्रकार लोकतंत्र निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों पर आधारित होता है।

d. एक व्यक्ति -एक वोट- एक मोल- लोकतंत्र में हर वयस्क नागरिक का एक वोट होता है और हर वोट का मूल्य समान होता है।

e. कानून का राज और अधिकारों का आदर-लोकतंत्र में सरकार नागरिकों को कुछ मूलभूत अधिकार प्रदान करती है। इसमें नागरिकों को सोचने की,अपनी राय बनाने की, सार्वजनिक रूप से अपने विचार व्यक्त करने की,संगठन बनाने की, विरोध करने तथा अन्य राजनैतिक गतिविधियाँ करने की स्वतंत्रताएँ प्रदान करती है।

f. कानून की नजर में सभी लोग समान होते हैं तथा नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक स्वतंत्र न्यायपालिका होती है। जिसके आदेशों का पालन सब लोग करते हैं। सरकार संवैधानिक कानूनों और नागरिक अधिकारों के दायरे में काम करती है।

**2. गैर-लोकतांत्रिक देशों के कुछ सामान्य लक्षणों का उल्लेख करें।**

**उत्तर-** गैर-लोकतांत्रिक देशों के कुछ सामान्य लक्षण निम्नलिखित हैं-

a. नियतकालिक स्वतंत्रत या निष्पक्ष निर्वाचन का अभाव-गैर-लोकतांत्रिक देशों में नियतकालिक निर्वाचन होते ही नहीं हैं और यदि होते हैं तो वे केवल दिखावे भर के लिए होते हैं। ये निर्वाचन स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं होते हैं। जनता को मत देने में विकल्प नहीं होते। इस कारण मत के द्वारा जनता सत्ताधारी दल या शासकों को हटा नहीं सकती।

b. विरोध तथा विपक्ष का अभाव - गैर-लोकतांत्रिक शासनों में विरोध को सहन नहीं किया जाता। इसलिए विपक्षी राजनैतिक दल का प्रश्न ही नहीं उठता। इसमें स्वतंत्र श्रमिक संघों का भी अभाव होता है। केवल वही ट्रेड यूनियन सुरक्षित रह सकती है, जो सरकार की नीतियों का समर्थन करते हैं। इसमें मीडिया पर भी सरकार का नियंत्रण रहता है।

c. नागरिकों के मूलभूत अधिकार तथा स्वतंत्रताओं का अभाव - गैर-लोकतांत्रिक सरकारों में नागरिकों को मूलभूत अधिकार व स्वतंत्रताएँ प्रदान नहीं की जाती हैं। सब लोग तानाशाह या सैन्यशासक की दया पर निर्भर रहते हैं। किसी को भी बिना किसी कारण के कैद किया जा सकता है अथवा बिना मुकदमे के सजा दी जा सकती है।

d. संवैधानिक शासन का अभाव-लोकतांत्रिक शासन जहाँ संवैधानिक कानूनों की सीमाओं में कार्य करता है, वहाँ गैर-लोकतांत्रिक शासन में सत्ताधारी का आदेश ही कानून होता

है और उसकी इच्छा ही संविधान होती है।

**3. निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव और लोकतंत्र के बीच संबंध स्पष्ट करें।**

**उत्तर-** निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव एक लोकतांत्रिक समाज के आवश्यक स्तंभ हैं। वे लोकतांत्रिक प्रणाली की वैधता और कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जो निम्नलिखित हैं-

a. निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव का तात्पर्य पारदर्शी, निष्पक्ष और समावेशी तरीके से चुनाव कराने की प्रक्रिया से है। ये चुनाव नागरिकों को अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने और अपने प्रतिनिधियों को चुनने का अवसर प्रदान करते हैं।

b. लोकतांत्रिक सिद्धांत, लोकतंत्र सरकार की एक प्रणाली है जहां सत्ता लोगों में निहित होती है और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने का अधिकार होता है। इसलिए निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव लोकतंत्र के लिए आवश्यक है

c. राजनीतिक समानता, निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव यह सुनिश्चित करते हैं, कि प्रत्येक नागरिक को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने का समान अवसर मिले। अपनी सामाजिक स्थिति, धन या प्रभाव के बावजूद, व्यक्तियों को अपना वोट डालने और उसे समान रूप से गिने जाने का अधिकार है।

d. निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव, नागरिकों को ऐसे प्रतिनिधियों को चुनने की अनुमति देते हैं, जो उनकी चिंताओं को उठाएंगे और उनकी ओर से निर्णय लेंगे। एक लोकतांत्रिक समाज में, निर्वाचित प्रतिनिधि उन लोगों के प्रति जवाबदेह होते हैं, जिनकी वे सेवा करते हैं।

e. यदि निर्वाचित प्रतिनिधि अपने वादों को पूरा करने में विफल रहते हैं या लोगों के हितों के खिलाफ कार्य करते हैं, तो निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव उन्हें अधिक उपयुक्त उम्मीदवारों के साथ बदलने के लिए एक तंत्र प्रदान करते हैं।

f. निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव बिना किसी हेरफेर के होते हैं, वे नागरिकों के बीच विश्वास पैदा करते हैं। यह विश्वास चुनी हुई सरकार की वैधता को मजबूत करता है और उसे अधिक प्रभावी ढंग से शासन करने में सक्षम बनाता है।

g. निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण की अनुमति देते हैं। नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया पर भरोसा होता है। वे परिणाम को स्वीकार करते हैं, भले ही उनका पसंदीदा उम्मीदवार या पार्टी न जीते। सत्ता का यह शांतिपूर्ण परिवर्तन एक स्थिर लोकतंत्र की पहचान है।

h. निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव व्यापक भागीदारी और समावेशिता को प्रोत्साहित करते हैं। वे सभी नागरिकों को उनके लिंग,जाति,धर्म,या सामाजिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना वोट देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

**4. अमेरिका के बारे में 2004 में आई एक रिपोर्ट के अनुसार वहाँ के समाज में असमानता बढ़ती जा रही है। आमदनी की असमानता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विभिन्न वर्गों की भागीदारी घटने-बढ़ने के रूप में भी सामने आई।इन समूहों की सरकार के फ़ैसलों पर असर डालने की क्षमता भी इससे प्रभावित हुई हैं। इस रिपोर्ट की मुख्य बातें थीं :**

- सन् 2004 में एक औसत अश्वेत परिवार की आमदनी 100 डालर थी जबकि गोरे परिवार की आमदनी 162 डालर । औसत गोरे परवार के पास अश्वेत परिवार से 12 गुना ज्यादा संपत्ति थी ।
- राष्ट्रपति चुनाव में 75,000 डालर से ज्यादा आमदनी वाले परिवारों के प्रत्येक 10 में से 9 लोगों ने वोट डाले थे। यही लोग आमदनी के हिसाब से समाज के ऊपरी 20 फीसदी में आते हैं। दूसरी ओर 15,000 डालर से कम आमदनी वाले परिवारों के प्रत्येक 10 में से सिर्फ 5 लोगों ने ही वोट डाले। आमदनी के हिसाब से ये लोग सबसे निचले 20 फीसदी हिस्से में आते हैं।
- राजनैतिक दलों का करीब 95 फीसदी चंदा अमीर परिवारों से ही आता है। इससे उन्हें अपनी राय और चिंताओं से नेताओं को अवगत कराने का अवसर मिलता है। यह सुविधा देश के अधिकांश नागरिकों को उपलब्ध नहीं है।
- जब गरीब लोग राजनीति में कम भागीदारी करते हैं तो सरकार भी उनकी चिंताओं पर कम ध्यान देती है
- गरीबी दूर करना, रोजगार देना, उनके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की व्यवस्था करने पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता जितना दिया जाना चाहिए। राजनेता अकसर अमीरों और व्यापारियों की चिंताओं पर ही नियमित रूप से गौर करते हैं। इस रिपोर्ट की सूचनाओं को आधार बनाकर और भारत के उदाहरण देते हुए 'लोकतंत्र और गरीबी' पर एक लेख लिखें।

**उत्तर-** लोकतंत्र और गरीबी अमेरिका की तरह भारत में भी लोगों की आमदनी असमान है। कुछ प्रतिशत अमीर लोगों के पास देश की आधे से ज्यादा धन है। इसका लोकतन्त्र पर असर पड़ता है क्योंकि चुनावों में धन की अत्यधिक जरूरत होती है। गरीब आदमी मात्र मतदाता ही बनकर रह जाता है, उसे केवल वोट डालकर ही संतुष्ट रहना पड़ता है। चुनाव लड़ने वाले अधितर नेता या तो स्वयं अमीर होते हैं या अमीर लोगों द्वारा समर्थित होते हैं।

जो अमीर लोग नेताओं को धन देते हैं, उसके बदले में सत्ता में आने पर ये नेता उनके हितों की ज्यादा चिन्ता करते हैं। गरीब व्यक्ति चाहकर भी चुनाव नहीं लड़ सकता। यदि कोई चुनाव लड़ भी लेता है, तो विजयी होने पर सर्वप्रथम वह अपनी ही गरीबी दूर करता है। तत्पश्चात् वह भी अमीरों की श्रेणी में शामिल हो जाता है। गरीबी लोकतंत्र के लिए अभिशाप है। उन्हें गरीबों की समस्याओं से कोई मतलब नहीं होता है और न ही वे उनकी समस्याओं को दूर करने की कोशिश करते हैं।